# पठारी नगर पंचायत की दहलीज पर, इच्छाशक्ति की जरूरत

**खास बातें**

- जनसंख्या और सुविधाओं का बिगड़ रहा अनुपात, ग्राम पंचायत का हो उन्नयन
- नगर परिषद बनने की सभी शर्तें हो रहीं लागू
- कागजी दांवपेच में अटका मामला

**नवभारत न्यूज**

**पठारी 24 सितम्बर, ग्राम पंचायत पठारी नगर पंचायत बनने की सारी शर्तों को धरातल पर पूरा कर रही है. लेकिन कागजी दांवपेच के कारण ग्राम पंचायत पठारी का उन्नयन नहीं हो पा रहा है.जो पठारी विकास के लिए रोड़ा साबित हो रहा है.यदि जनता और जिम्मेदार नागरिक इच्छाशक्ति के साथ प्रयास करें तो नगर पंचायत बनने की बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण हो सकती है.**




### यहां फंसा कागजी मामला

नगरपालिका अधिनियम 2011 की शर्तों के अनुसार 2011 की जनगणना के अनुसार कम से कम 20 हजार की आबादी होना चाहिए.जबकि पठारी की 2011 की जनगणना में 9480 जनसंख्या अंकित है.लेकिन पठारी में लगभग 20 हजार से अधिक लोग निवास करते हैं. यदि पठारी के संसाधनों की उपयोगिता के आधार और वर्तमान में निवास कर रहे लोगों की गणना की जाए तो 20 हजार से अधिक होगी. जिसके आधार पर पठारी को नगर पंचायत का दर्जा दिया जा सकता है.

### इन पंचायतों को मिलाकर बन सकती नगर पंचायत

ग्राम पंचायत पठारी और ग्राम पंचायत बड़ोह के बीच मात्र 40 बीघा का तालाब है. वहीं हनोता डैम डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम पंचायत जाजपोन कि विस्थापित कॉलोनी भी ग्राम पंचायत वडोह की पठार पर बनाई जा रही है जिसमें लगभग 1000 नागरिक रहेंगे वहीं 3 किमी दायरे के अंदर ग्राम पंचायत छपारा, ग्राम पंचायत मथुरापुर और ग्राम पंचायत बरखेड़ा के साथ ग्राम हासमपुर को मिलाकर जनगणना 2011 के आधार पर 20 हजार से अधिक आबादी कर सकते हैं.पठारी नगर पंचायत की लंबे समय से मांग की जा रही है.

विदिशा जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पठारी जहां तहसील मुख्यालय होने के बावजूद भी नगर पंचायत बनने की दहलीज पर खड़ी है. जो मध्य प्रदेश नगर परिषद गठन की सारी शर्तों को धरातल पर पूरा कर रही है.जनसंख्या के अनुपात में ग्राम पंचायत द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सुविधाएं बौनी साबित हो रही है. ग्राम पंचायत के सीमित वित्तीय बजट और संसाधनों के कारण पठारी को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है. जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.लंबे समय से पठारी ग्राम पंचायत का उन्नयन कर नगर पंचायत बनाने की मांग की जा रही है.

### यह शर्ते हैं लागू

नगर पालिका अधिनियम 1961 का 50 साल बाद 2011 में संशोधन किया गया. जिसमें नगर परिषद अर्थात नगर पंचायत का गठन के लिए कई नियमों में परिवर्तन किया गया है. नगर पंचायत गठन के लिए 20 हजार से अधिक और 50 हजार से कम जनसंख्या होना चाहिए. जिस ग्राम पंचायत का उन्नयन होना है, उसका राजस्व प्रति वर्ष कम से कम 10 लाख रुपया होना चाहिए.जबकि ग्राम पंचायत पठारी का राजस्व 10 लाख रुपए से अधिक है.30 प्रतिशत सड़कें और नालियों का निर्माण होना चाहिए. जबकि पठारी की 70 फ़ीसदी से अधिक पक्की सड़कों और नालियों का निर्माण हो चुका है.पठारी की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गैर कृषि कार्य पर आधारित है.नगर के 50 प्रतिशत से अधिक मकान भवन कर की श्रेणी में आते हैं.शासकीय भवनों की अनुपातिक संख्या भी मौजूद है.कुल आबादी का 60 फ़ीसदी हिस्सा सघन आबादी में मौजूद है.



## नेटवर्क कंपनियों की मनमानी कर रही उपभोक्ता को परेशान

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर ,** आज के दौर में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकारें मिलकर डिजिटल भारत बनाने में लगी हुई है. वहीं नेटवर्क कंपनियां क्षेत्र में नेटवर्क व्यवस्थाओं को लेकर अस्वस्थ हैं उपभोक्ताओं से पूर्ण एवं मनमाने शुल्क लेने के बावजूद नेटवर्क की अनउपलब्धता आए दिन सुविधाओं के नाम पर 3-4 और 5 प्रशित के नाम से उपभोक्ताओं से सेवा शुल्क भी पूर्ण वसूलने के बाद नेटवर्क उपभोक्ताओ को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है. क्षेत्र के विचारे उपभोक्ता जो की कुछ कर नहीं सकते और नेटवर्क कंपनियों का इतना बड़ा जाल साज है कि वह पूरे प्रदेश एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों में नेटवर्क की उपलब्धता भी नहीं कर पा रही हैं और आए इस पर ना तो प्रशासन का और ना ही शासन का ध्यान है ना कोई दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं .देखा जाए तो उपभोक्ता मजबूर हैं और वह कुछ कर भी नहीं सकते इस पर उपभोक्ता फॉर्म एवं टेलीफोन रेगुलेटरी ऑफ अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया को भी ध्यान देना अति आवश्यक है.



### नेटवर्क और डाटा की भी समस्या

भारत सिंह रघुवंशी मास्टर ऑफ सोसल वर्कर भोपाल का कहना है कि मेरे संज्ञान में और मेरे अनुभव से जो मैं विचार नवभारत के माध्यम से आपकी और प्रसारित कर रहा हूं यह मेरे स्वयं के अनुभव हैं मैं जब भी रिचार्ज करता हूं एक-दो दिन नेटवर्क सुविधा मिल जाती हैं मैं महीना भर तक डाटा को लेकर कॉलिंग को लेकर एवं सरवर के कारण लोगों से संपर्क बैंकिंग ट्रांजैक्शन , ऑनलाइन शिक्षा एवं ऑनलाइन स्वास्थ्य व्यवस्था में असुविधाएं देख रहा हूं जो कि आज कल नेटवर्क कंपनियां उपभोक्ता फॉर्म और ट्राई को ठेंगा दिखाती नजर आ रही है.

**एक नजर में**

### हस्ताक्षर अभियान की रूपरेखा के लिए हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** कुरबाई विधानसभा क्षेत्र के पठारी ब्लाक काँग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम भाल बामोरा बस स्टैंड पर शाम 6.30 बजे बैठक आयोजित की गई जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी मुहिम वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान का आगाज हुआ.इस अभियान का उद्देश्य कथित वोट चोरी के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है.जिसमें जिला काँग्रेस प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी किसान काँग्रेस अध्यक्ष विनीत दांगी प्रदीप अहिरवार सुभाष बोहत जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार ने बैठक में हस्ताक्षर अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया. इस मौके पर पठारी ब्लाक कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. अनेक लोगों ने हस्ताक्षर कर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया.

### लालन पालन पर हुई कार्यशाला

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नटेरन में संगत संस्था भोपाल द्वारा नटेरन जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सहारा परियोजना के तहत लालन पालन कार्यक्रम केअंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक दिवसीय प्रारंभिक बाल विकास एवं देखभाल विषय पर डिजिटल वीडियो प्रशिक्षण आयोजित किया गया. इसका प्रमुख उद्देश्य शिशु के प्रारंभिक बाल विकास पर कार्य करना है और शिशु की सही देखभाल सुनिश्चित करना है.

## कोर्ट दरवाजा में से हटाए सब्जी ठेले

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** स्थानीय कोर्ट दरवाजा में फल, सब्जी विक्रेताओं द्वारा ठेले आदि लगा लिये जाते थे. जिससे मार्ग काफी सकरा हो जाता था. जिससे लोगों एवं वाहन चालकों को आवागमन में काफी असुविधा होती थी. तो वहीं कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती थी.

शहर की जनता की इस समस्या को देखते हुए बुधवार को समाजसेवी बिलकिस जहां ने कोर्ट दरवाजा पर पहुंचकर फल, सब्जी के ठेले वालों से चर्चा की. एवं उनको जनता की परेशानी से अवगत कराते हुए समझाईश दी. तथा कोर्ट दरवाजा में से ठेलों को हटाने का आग्रह किया. इसके बाद ठेला संचालकों द्वारा अपने-अपने ठेलों को कोर्ट दरवाजा में से हटाकर मैदान में ले जाया गया. जिसपर उन्होंने ठेला संचालकों का आभार जताया.



### फूटी पानी की लाइन, हुई पानी की किल्लत

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** जलप्रदाय पाइप लाइन फूटने से सड़कों पर पानी बहा. स्थानीय लोगों का कहना है कि गंजबासौदा की पुरानी कृषि मंडी के निकट जलप्रदाय पाइप लाइन फटने से पूरी सड़क पर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है.यह लाइन पहले से लीकेज थी.परंतु जल विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया. इसके चलते यह स्थिति बनी.इससे लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा.पानी की किल्लत भी हुई.

## नपा ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत निकाली स्वच्छता की रैली

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है उसी क्रम में नगर पालिका परिषद विदिशा ने स्वच्छता अभियान के तहत रैली शांति निकेतन स्कूल पुलिस लाईन से निकाली गई.इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने स्वच्छता की रैली के दौरान शपथ भी दिलाई और कहां स्वछता हमारे रग रग में होना चाहिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संदेश भारत को स्वच्छ बनाना है इसलिए आप सभी हमारे विदिशा को भी साफ और सबसे सुंदर बनाने में सहयोग करे. विदिशा नगर पालिका भी सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हर रोज स्वच्छता अभियान चल रही है.जगह-जगह कार्यक्रम भी कर रही है. इस दौरान नगर पालिका के अधीक्षक यंत्री रमेश वर्मा एवं कर्मचारी एवं शांति निकेतन स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे उपस्थित रहे.




## गोद ग्राम योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर लगा शिविर

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्त परीक्षण का आयोजन गोद ग्राम गंज में आयोजित किया गया. सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिला विदिशा में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर रक्त परीक्षण किया गया.**

जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति द्वारा छात्राओं एवं ग्रामीणों को बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में क्या कार्य किये जाते है और इसके क्या लाभ है, सहित अनेक आवश्यक जानकारियां दी. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ आरती साहू द्वारा ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी.जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से चरित्र और व्यक्तित्व का विकास करने के लिए प्रेरित किया और इसकी स्थापना के बारे में जानकारी दी.उन्होंने बताया 1969 में इसकी स्थापना हुई एवं इसका उद्देश्य हैं.सेवा के माध्यम से शिक्षा और इसका आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप इत्यादि के बारे में जानकारी दी. इस एक दिवसीय रक्त परीक्षण शिविर में ग्राम की 63 महिलाओं ने रक्त परीक्षण करवाया. परीक्षण के साथ साथ आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां वितरित की गई. ग्राम की महिलाओं के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने भी परीक्षण करवाया. इस अवसर पर स्वयंसेवका साहिबा पठान, टीना खान, मुस्कान पंथी, प्रियंका दांगी, नैन्सी दांगी, श्रृद्धा दांगी, पावनी चौकसे , निकिता दांगी आरती प्रजापति, निकिता विश्वकर्मा, देवकी पाल सहित अनेक स्वयंसेवकाएं कार्यक्रम में मौजूद रहीं.

## गार्ड का परिवार दे रहा जान से मारने की धमकी, फर्म संचालक ने की एसपी से शिकायत

**आरोप लगाने वाले सुरक्षा गार्ड की सभी मेडिकल रिपोर्ट की जांच की मांग**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** विगत दिनों अस्पताल के सुरक्षा गार्ड आर्यन जोशी और उसके भाई राहुल जोशी ने अस्पताल की सुरक्षा एजेंसी के संचालक मूलचंद कुर्मी पर प्रसाद में जहर देने के गंभीर आरोप लगाए थे. सोमवार को फर्म संचालक ने एसपी रोहित काशवानी को आवेदन देकर मामले की जांच की मांग की है. एसपी को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि सुरक्षाकर्मी आर्यन जब अस्पताल में भर्ती था तो उसकी सभी प्रकार की जांचें की गईं. अगर जहर जैसी कोई चीज दी है तो टेस्ट रिपोर्ट में सामने आ जाएगी. उन्होंने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच की मांग की है. फर्म संचालक मूलचंद कुर्मी का कहना है आरोप लगाकर मेरी फर्म को बदनाम करने और प्रतिष्ठा को धूमिल कर मानसिक रूप से परेशान किया गया. जबकि आरोप लगाने वाले राहुल जोशी पर प्रकरण दर्ज हैं. फर्म संचालक कुर्मी का कहना है कि जब आर्यन अस्पताल में भर्ती था तब उसके परिजनों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी.

## पति पत्नि इलाज कराने गए थे भोपाल, यहां घर में लगी आग

**अज्ञात कारणों से लगी आग में करीब 4 लाख का नुकसान**

**विधायक ने मौके पर पहुंचकर दिया मदद का भरोसा**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 23 सितम्बर,** सरस्वती नगर तलैया मोहल्ला के एक मकान में आग लग गई.आग से घर में रखा दैनिक उपयोग और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया. आग किस कारण से लगी है अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. मुकेश कुमार किरार मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर करते है.वर्तमान में पिछले कई दिनों से पति-पत्नी दोनों बीमार हैं, जिनका इलाज भोपाल एम्स अस्पताल में चल रहा है. इसी को लेकर सोमवार को वह एम्स अस्पताल भोपाल गए थे. घर पर कोई नहीं था तभी रात में आग लग गई. घटना सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है. आसपास के रहने वाले लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और प्रशासन को जानकारी दी. जब परिवार के सदस्य देर रात घर पहुंचे तब तक आग लगने की वजह से घर गृहस्ती का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया. आग लगने के कारण एक मोटरसाइकिल, वाशिंग मशीन, कूलर सहित घर गृहस्ती का पूरा सामान जल गया, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई जा रही है. वहीं विधायक मुकेश टंडन घटना स्थल पर पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया. आसपास के लोगों ने पीड़ित मुकेश कुमार किरार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए तहसील प्रशासन से आर्थिक मदद दिलाए जाने कीमांग की.



## डीजे की तेज आवाज बढ़ा रही दिल की धड़कन

**विदिशा सर्राफा व्यापारियों ने एसपी और कलेक्टर को दिया ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** मंगलवार को सर्राफा व्यापारियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर एसपी और कलेक्टर दोनों को ही लिखित ज्ञापन देते हुए शहर में बजाए जा रहे डीजे साउंड पर आपत्ति दर्ज कराई है. उन्होंने डीजे संचालकों पर कार्रवाई करने की मांग की सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी ने बताया कि पिछले दो से तीन दिन के दौरान जो डीजे निकल रहे हैं उससे व्यापारियों को खासी परेशानी हो रही है. कुछ दुकानदारों के दुकानों में लगे सामान लाइट और अन्य चीजे टूट कर नीचे कर रही हैं. वहीं तेज आवाज की वजह से हृदय रोगी और बीपी के रोगियों को भी परेशानी होने की बात कही जा रही है. एक व्यापारी को भर्ती भी करना पड़ा. इस मामले में एसपी ने कहा कि नियम अनुसार तेज आवाज में डीजे बजाया जाने पर कार्रवाई की जाती है. जल्द ही पुलिस प्रशासन व्यापारी और डीजे संचालकों के साथ झांकी संचालकों को लेकर एक बैठक की जाएगी. इसमें सीमित आवाज जो मानक के अनुसार तय की गई है.उसी के अनुसार डीजे बजाए जाने को कहा जाएगा ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी.

## 8 किमी पदयात्रा कर महामाई को चढ़ाया ध्वज

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** शारदीय नवरात्रि एवं महाराजा श्री अग्रसेन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा एक कदम स्वास्थ्य, समृद्धि, शक्ति की ओर कार्यक्रम के तहत श्री अग्रसेन पदयात्रा निकाली गई. इस पदयात्रा में भक्त करीब 8 किलोमीटर पैदल चलकर महामाई दरबार में पहुंचे. जहां पर उन्होंने महामाई माता की पूजा, अर्चना कर ध्वज अर्पित किया.



यह पदयात्रा शहर में बुधवार को स्थानीय श्री गिरधारी जी, श्री अग्रसेन जी मंदिर से शुरू हुई. जहां पर भक्तों द्वारा ध्वज का पूजन किया गया. जिसके बाद पदयात्रा श्री रघुनाथ जी मंदिर, श्री मदनमोहन जी मंदिर, श्री भूतेश्वर मंदिर, मुख्य बाजार, श्री मंशापूरन मंदिर, श्री जटाशंकर मंदिर, श्री कपिलेश्वर महादेव मंदिर से होते हुए श्री महामाई दरबार पहुंची. पदयात्रा में भक्त हाथों में ध्वज पताका लेकर संकीर्तन करते हुए चल रहे थे. श्री महामाई दरबार में पहुंचकर भक्तों ने माता की पूजा अर्चना कर ध्वज अर्पित किया. इस दौरान भक्तों द्वारा मातारानी की महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया. इस मौके पर अतुल गोयल ने बताया कि समिति द्वारा बीते 9 वर्षों से शहर में इस पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इस यात्रा में दिनेश चंद्र गर्ग, अतुल गोयल, कैलाश मंगल, गगनेंद्र रघुवंशी, राहुल गर्ग, शुभम मंगल, मुकेश सिंहल, रूद्रांश गोयल, शिवांश गर्ग, रिंकेश मित्तल, पार्वती रघुवंशी, मेघा सिंहल, शिल्पा मित्तल आदि शामिल हुए

### नगर में चला स्वच्छता अभियान, दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज**

**सांची,** नगर परिषद द्वारा नगर भर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया.स्वच्छता ही सेवा अभियान द्वारा स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया. नगर भर में लगी मां दुर्गा झांकी पंडालों पर मटका खाद निर्माण कर स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया.इस जागरूकता अभियान की स्कूली छात्रों को शपथ दिलाई गई.

## सेवा पखवाड़ा में चलाया स्वच्छता अभियान

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** नगर के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा और राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया. महाविद्यालय के सीताराम तिवारी, रूबी ताम्रकार, संघप्रिय गौतम, प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने अर्थव्यवस्था की मजबूती में लघु एवं कुटीर उद्योगों की भूमिका को रेखांकित किया. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी महेश चंद्र परमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, इतिहास और समाजसेवा में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी.

**आयोजन** | **एसएटीआई में 25 से नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन**

## 70 शोध पत्र हुए स्वीकृत, शोधार्थी व शोधकर्ता दो दिवसीय सम्मेलन में करेंगे प्रस्तुतीकरण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 25-26 सितम्बर को नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांस्ड कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का आयोजन किया जा रहा है.यह सम्मेलन मध्यप्रदेश परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भोपाल द्वारा प्रायोजित है.**



सम्मेलन में देशभर से विशेषकर हैदराबाद, विदिशा और भोपाल से 100 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 70 शोध पत्र स्वीकृत किए गए हैं. शोधार्थी एवं शोधकर्ता इन पत्रों का दो दिवसीय सम्मेलन में प्रस्तुतीकरण करेंगे.पहले दिन प्रातः 11 बजे उद्घाटन समारोह होगा.इसके पश्चात प्रसिद्ध डेटा साइंटिस्ट विशेषज्ञ द्वारा कीनोट लेक्चर दिया जाएगा. दोपहर के सत्र में चार समानांतर तकनीकी सत्रों का आयोजन होगा, जिनमें शोधकर्ता अपने शोध पत्र विभिन्न सत्र अध्यक्षों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे.

दूसरे दिन प्रातः दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा कीनोट एड्रेस एवं शोध प्रस्तुतिकरण के लिए पुनः चार समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित होंगे.तत्पश्चात समापन समारोह वेलिडिक्टरी सेशन में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे.सम्मेलन के संयोजक डॉ. कनक सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से शोध कार्य को नई दिशा मिलेगी और प्रतिभागियों में प्रस्तुतीकरण कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास होगा.सम्मेलन के कोऑर्डिनेटर डॉ. सुनील जोशी एवं प्रो. मुकेश आज़ाद हैं. एसएटीआई बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मर्खेडकर एवं संस्थान के निदेशक डॉ. वाई. के. जैन ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन से निश्चित ही शोध एवं विकास कार्यों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा संस्थान का शोध वातावरण और सुदृढ़ होगा.उन्होंने कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग को ऐसे महत्वपूर्ण सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई दी एवं एमपीसीएसटी का आभार व्यक्त किया.

### डॉ. तिवारी हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** एमजीजीपी इंडिया फाउंडेशन महात्मा गांधी ग्लोबल पीस फाउंडेशन भुवनेश्वर ओडिशा ने अंतर्राष्ट्रीय योग और कल्याण विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार तिवारी को गांधीवादी दर्शन, शांति और मानवता में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया. यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके सामाजिक गतिविधियों, गांधीवादी संस्कृति को बढ़ावा देने, शांति और मानवीय सेवा के प्रचार तथा राष्ट्र में गांधीवादी दर्शन और शांति की समझ को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया है.साथ ही डॉ. विनीत कुमार तिवारी को महात्मा गांधी ग्लोबल पीस फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल पीस एंबेसडर नियुक्त किया गया है. इस नियुक्ति के अंतर्गत उन्हें वैश्विक स्तर पर गांधीवादी दर्शन, शांति और मानवता के मूल्यों को प्रचारित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है.

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, विदिशा (म.प्र.)**

**:: नीलामी विज्ञप्ति::**

1. कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, विदिशा के परिसर में स्थित पुराना कार्यालय भवन जैसा है की अवस्था में ध्वस्तीकरण किये जाने तथा उसके मलवे की नीलामी किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. उक्त भवन के ध्वस्तीकरण एवं विखण्डीकरण कर मलवा हटाने हेतु न्यूनतम ऑफसेट वेल्यू रु.74724/- (रुपये चौहत्तर हजार सात सौ चौबीस मात्र) निर्धारित की गई है।
3. निविदाकर्ता दिनांक 03.10.2025 तक कार्यालयीन समय में निविदा शुल्क रु.500/- ऑनलाईन चालान द्वारा इस कार्यालय के शीर्ष 0041-00-800-545 में जमा करा कर निविदा फार्म एवं निविदा शर्तों की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**विदिशा (म.प्र.)**